प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- शहीदी दिवस आज देश सहित प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा—संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण से भारत की रिर्फाम एक्सप्रेस पूरे समन्वय और उदेश्य के साथ बढ़ रही आगे।
- वित्त वर्ष 2026—27 के लिए राज्य का बजट तैयार करने की प्रकिया शुरू वित्त विभाग ने 10 फरवरी तक मांगे सुझाव ।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण—चार के तहत चंबा जिला की कई सड़कों के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान।
- प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय—आज रात से 2 फरवरी तक प्रदेश में बारिश और बर्फवारी की संभावना।

प्रधानमंत्री—आर्थिक सर्वेक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बढती रिफॉर्म एक्सप्रेस वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सही दिशा में है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद में कल प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण दर्शाता है कि भारत की रिफॉर्म एक्स प्रेस पूरे समन्वेय और उद्देश्य के साथ आगे बढ रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण भारत की आर्थिक नींव की ताकत और विकास, नवाचार और समावेशी वृद्धि को आगे बढाने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण समावेशी विकास के महत्व को दर्शाता है।

शहीदी दिवस

आज शहीदी दिवस है। इस अवसर पर देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। आज नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को महात्मा गांधी के जीवन और विरासत को याद किया जाता है, जो देश के स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक थे। यह दिन भारत की स्वतंत्रता और एकता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी देने के लिए शहीदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

इस बीच प्रदेशभर में भी शहीदी दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित अन्य गणमान्य लोग महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा 2 मिनट का मौन भी रखा जाएगा।

अनशन

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस आज रिज मैदान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत अनशन पर बैठेगी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य प्रदेश मामलों की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित मंत्री मंडल के सदस्य व अन्य पार्टी नेता भी इस अनशन में बैठेंगे।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के बढ़ेड़ा में नवनिर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध करवाई गई थी, जिसमें प्रथम चरण में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कार्य पूरा किया गया है, जबकि दूसरे तल का निर्माण कार्य दूसरे चरण में किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर सुदृढ़ अधोसंरचना ही ग्रामीण विकास की वास्तविक रीढ़ होती है। उन्होंने पंचायत में आपसी एकजुटता से हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिलती है। उन्होंने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में 1 सौ 32 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न पुलों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

बजट

वित्त वर्ष 2026–27 के लिए राज्य का बजट तैयार करने की प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। वित्त विभाग के एक प्रवक्ता ने कल शिमला में बताया कि जन केन्द्रित, सहभागितापूर्ण और समाज में विभिन्न हितधारकों के विचारों को प्रतिबिंबित करने वाला बजट तैयार करने के लिए आम जनता, उद्योग, व्यापार और किसान संघों से सुझाव मांगे गए हैं। सुझाव प्राप्त करने के लिए वित्त विभाग की वैबसाइट पर एक वैबपोर्टल आरम्भ किया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि यह सुझाव 10 फरवरी तक बजट आईडिया डॉट एच पी एड द रेट जी मेल डॉट कॉम पर ई–मेल द्वारा या प्रधान सचिव वित्त, को पत्र द्वारा भेजे जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

चम्बा जिला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण चार के अंतर्गत चंबा विधानसभा क्षेत्र की 14 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के निर्माण से जिला की तस्वीर बदल जाएगी। इन सभी ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों की कुल लंबाई 55 किलोमीटर है तथा इनके निर्माण पर लगभग 80 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध व पारदर्शिता से समाधान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। वे कल नाहन विधानसभा क्षेत्र के बनेठी गांव में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सिरमौर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत 11 सड़कों के लिए 90 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत हुई है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाये हुए हैं। हालांकि बीते दिनों प्रदेश के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में वर्षा से समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में हैं। भारी बर्फबारी के चलते प्रदेश में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 6 सौ 52 सड़कें यातायात के लिए बंद है। इसके अलावा 6 सौ 69 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 47 पेयजल योजनाएं बंद है। इस बीच मौसम विभाग के वैज्ञनिक संदीप कुमार ने बताया कि आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके चलते 2 फरवरी तक प्रदेश में बारिश और बर्फवारी सकी संभावना है।
बाईट–

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरो को प्रमुखता दी हैं.....

अमर उजाला का शीर्षक है– चिट्टा तस्करों को पंचायत चुनाव लडने से रोकने के लिए बनेगा कानून।

दैनिक जागरण की एक खबर है –सीबीएसई स्कूलों में पांच साल के लिए भर्ती होंगे 800 शिक्षक।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–हिमाचल प्रदेश में भी कचरे से बनेगी बिजली, तलाशी जा रही संभावना, महाराष्ट्र के पिंपरी–चिंचवाड मॉडल का अध्ययन करेगी सरकार।

दिव्य हिमाचल लिखता है– मंडी में बनेंगे सेना के टोही विमान।

हिमाचल में एनटीटी के 6 हजार 2 सौ 97 पदों के लिए 87 ही पात्र, डिग्रीधारकों को मिलेगा मौका आपका फैसला की एक खबर।

मौसम से जुडी खबर पर हिमाचल दस्तक ने लिखा है– कल से 3 फरवरी तक बारिश–बर्फबारी का अलर्ट।

——————————————